卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिंधो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 299 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦10 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पीएम मोदी ने वायनाड भूस्खलन प्रभावित इलाकों किया हवाई सर्वे

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरल पहुंचकर वायनाड के भूस्खालन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा भी की। बता दें गत 30 जुलाई को हुए भूस्खलन में केरल के इस पहाड़ी जिले में 400 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकडों लोग घायल हुए हैं। वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और प्रभावित लोगों के लिए मुआवजा बढ़ाने की विपक्ष की मांग के बीच पीएम



मोदी ने आज केरल का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह कन्नूर हवाई अड्डे पर उतरे, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने वायनाड के भूस्खालन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। उन्होंने राहत और पुनर्वास कार्यों की जानकारी भी ली। हवाई सर्वे के बाद प्रधानमंत्री का उन राहत शिविरों में जाने का कार्यक्रम है। जहां भूस्खलन से प्रभावित लोग वर्तमान में रह रहे हैं। पीएम प्रभावित लोगों से बातचीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्नीचर शोरूम में भड़की आग

### देर रात अग्निकाण्ड से मचा हड़कम्प, 50 लाख से अधिक की क्षति का अनुमान

सितारगंज(उद संवाददाता)। देर रात भीषण अग्निकांड में किच्छा रोड स्थित तीन मंजिला फर्नीचर शोरूम जलकर राख हो गया। फायर ब्रिग्रेड ने तत्परता से आग पर काबू पाकर उसे आसपास फैलने से रोक लिया। अग्निकांड में करीब साठ लाख के नुकसान का अनुमान हैं। किच्छा रोड स्थित गोल्डन इंटरप्राइजेज में शुक्रवार की रात्रि करीब दो बजे अचानक आग लग गई। वाहन से रात्रि गश्त कर रहे



पुलिस कर्मियों ने शोरूम में आग लगी देखी तो तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर बिग्रेड तत्काल मौके पर पहुंची व आग पर काबू पाया। तब तक शोरूम की उपरी दो मंजिलें पूरी तरह राख हो चुकी थी। वहां रखी अल्मारी, गद्दे, कुर्सियां, मेजें, बैड आदि कीमती फर्नीचर आग की भेंट चढ़ गया था। बाजार के बीच हुये इस अग्निकांड में दमकल की तत्परता से काबू पा लेने से आग आसपास (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोबरा के काटने से मासूम बालिका की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)।शुक्रवार रात घर के आंगन में खेल रही 6 वर्षीय बालिका को घर में ही कोबरा सांप में डस लिया। जिससे बालिका की मौत हो



गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बालिका को डसने वाले कोबरा सांप को रेस्क्यू कर लिया है। ग्राम पंजाबपुर ढेला निवासी कुंदन अधिकारी की 6 वर्षीय पुत्री रोशनी अधिकारी शुक्रवार की रात अपने घर के आंगन में खेल रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच आंगन में खेलने के दौरान बालिका के पैर में जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। बालिका के चिल्लाने के बाद परिजन उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल के अलावा कई और अन्य स्थानों पर उपचार के लिए ले गए लेकिन तब तक बालिका ने दम तोड़ दिया था। घटना के बाद जहां एक और परिजनों में कोहराम मचा है तो वही जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम में कड़ी मशक्कत के बाद बालिका को डसने वाले कोबरा सांप को रेस्क्यू कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। देर सायं रुद्रपुर रोड पनचक्की फार्म के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति



गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को 112 पर घटना की सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचीं तब तक टैंपो चालक ने सड़क पर घायल पड़े युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया जहां चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम रूद्रपुर रोड पनचक्की फार्म के पास बाइक संख्या यूके 06वीकेओ (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालतों में आरएफसी कर्मी लापता

हल्द्वानी। संदिग्ध हालत में आरएफसी में कार्यरत एक व्यक्ति लापता हो गया है। पत्नी की ओर से मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। मूल रूप से बबियाड़ दूदली नैनीताल हाल निवासी एबीएम सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर फतेहपुर निवासी गीता देवी ने मुखानी थाने में तहरीर दी है कि उनके पति यमुना दत्त शर्मा पुत्र बच्ची राम आरएफसी में कार्यरत हैं। बीती 18 जुलाई से वह संदिग्ध हालत में लापता हैं। उनकी हर जगह ढूंढ खोज की गई लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। उनका मोबाईल नंबर भी बंद आ रहा है। वह अपने साथ अपना आधार कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा की चौक बुक एवं पास बुक और एचडीएफसी बैंक का एक चौक ले गये हैं। महिला ने पति की बरादमगी की गुहार लगाई है।

## दरऊ चौकी के पास मिले शव की तीन दिन बाद भी शिनाख्त नहीं

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरऊ चौकी के पास 8 अगस्त को बरामद शव की पहचान कराने में जुटी कोतवाली पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाया लिया है लेकिन युवक की पहचान अभी तक नही हो पाई है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व दरऊ चौकी से कुछ दूरी पर एक 25 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में देखा गया था, जिसकी सूचना दरऊ चौकी को दी गई। चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा उक्त युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## शांति व्यवस्था बनाने को निकाला फ्लैग मार्च

रूद्रपुर। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही हिंसात्मक घटनाओं एवं राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए नगर होकर रम्पुरा, प्रीत विहार, पहाड़गंज, भूतबंगला, खेड़ा, मुख्य बाजार क्षेत्रों से होकर गुजरा। एसएसआई अशोक कुमार माध्यम से सभी से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में सी / 108 बटालियन के डिप्टी कमांडर



के संवेदनशील, अति संवेदनशील क्षेत्रों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया जो कोतवाली से शुरू व सी /108 बटालियन आरएएफ मेरठके द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार रंजन के नेतृत्व में निकले फ्लैग मार्च के प्रेम थापा व 31पीएसी की महिला टीम के साथ ही कोतवाली, समस्त थाना तथा चौकी के पुलिस कर्मी शामिल थे।

## ज्वैलर्स से अभद्रता पर भड़के व्यापारियों ने किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत देर सायं आदर्श चौकी इंचार्ज की एक मामले में मुख्य बाजार में एक ज्वैलर्स के साथ हुई नोंकझोंक के बाद आक्रोषित व्यापारियों ने आदर्श कालोनी चौकी के समक्ष नारेबाजी करते हुए धरना दिया। करीब दो घंटे बाद कोतवाल के मनाने पर व्यापारियों ने धरना समाप्त किया। जानकारी के अनुसार



गत देर सायं आदर्श कालोनी चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल एक मामले की जांच में हिरासत में लिए चोर को साथ लेकर पांच मंदिर के पास कुंदन लाल सहगल की ज्वैलर्स शॉप पर पहुंचे और चोरी की एक चैन बेचे जाने के बारे में पूछताछ करने लगे। चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल ने दुकान में लगा डीवीआर मांगा तो दुकान स्वामी ने कहा कि वह पेन ड्राईव में अभी फुटेज दे देते हैं। परंतु पिलखवाल दुकान में रखा फर्नीचर फेंककर खुद ही डीवीआर उतारने लगे। इस बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। बाद में पिलखवाल ज्वैलर्स सहगल को जबरन पूछताछ के लिए अपने साथ चौकी ले जाने लगे। इसी दौरान मामले की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा अन्य व्यापारियों के साथ मौके पर आ गये और उन्होंने चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल की अभद्रता पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि जब ज्वैलर्स स्वयं डीवीआर की फुटेज पेन ड्राईव में दे रहा है तो जबरदस्ती डीवीआर क्यों उतारा? शहर के एक सम्मानित व्यापारी को पूछताछ के लिए ले जाने का यह तरीका सही नहीं है। चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल अपने वरिष्ठ अधिकारी से फोन पर बात करने के बाद उस समय वहां से लौट आये। इधर व्यापारियों ने आदर्श कालोनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गोला बाईपास रोड के इलाके में रेलवे पटरी के किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर बनभूलपुरा के थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। साथ ही मृतक की शिनाख्त के बाद परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक प्रात: गोला बाईपास रोड के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव मिलने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त 30 वर्षीय नीरज जोशी पुत्र मुरली मनोहर निवासी मोटाहल्दू लाल कुआं के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर जांच से अनुमान लगाया जा रहा है कि हो सकता है युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हुई हो या ट्रेन की चपेट में आने से भी हादसा हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अल्पमत में है गुरूद्वारा नानकमत्ता प्रबंधक कमेटी: प्रतपाल

रूद्रपुर।गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी अल्पमत में कार्य कर रही है। यह आरोप लगाते हुए कमेटी के सदस्य प्रतपाल सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस सन्दर्भ में उप निबंधक, चिट्स फंड्स सोसाइटी उधमसिंह नगर को प्रत्यावेदन दिया। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ का संविधान के अनुसार निलंबन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बर्खास्त प्रबंधक रंजीत सिंह को फिर नौकरी पर रखने पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े किये। इसके अलावा उन्होंने गुरूद्वारा की गौलक की गिनती, कैमरों से छेड़ छाड़,दीवान हाल की बिल्डिंग को तोड़ने,



सेवादारों को हटाने, सहित अन्य कई बिन्दुओं को भी उठाया। प्रतपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छा पर समिति के सदस्य इस्तीफा देने को भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सच और झूठ के बीच है। उन्होंने कहा कि 20 लाख रूपये से बनी लाईब्रेरी को भी तोड़ने की कवायद की जा रही है।वार्ता में धर्म सिंह, वजिन्दर सिंह, पलविन्दर सिंह, सुखदेव सिंह, निर्मल सिंह हंसपाल आदि थे।

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-

8433432291

# दूध बांटने गए दूधिये की बाईक चोरी, व्यापारियों में आक्रोश

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई फुटेज,पचास लीटर दूध समेत हुए फरार,सिसई खेड़ा में दो मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद अब तीसरी वारदात से लोगों में मचा हड़कंप





नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी व लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है, सिसई खेड़ा में दो मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद खाने से 500 मीटर दूरी पर चोरों ने दूधिया की 50 ली दूध समेत मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने से सिसईखेड़ा के व्यापारियों में खास रोष है। पुलिस ने अभी तक किसी भी मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया है। थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोर गिरोह के हौसले इतने बुलंद हैं कि कल शुक्रवार को करीब 12 बजे नानकमत्ता थाने से मात्र 500 मीटर दूरी पर मोटरसाइकिल से दूध वितरण करने गए दूधिया सुरजीत सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी ग्राम सड़ासडिया जब गांव में निक्कू सिंह के घर में दूध देने गया तो घर के बाहर खड़ी उसकी मोटर साइकिल संख्या यूके 06 5927 को चार दूध के ड्रम समेत मुंह पर कपड़ा बांधकर आए युवक ने चोरी कर ली। दूध देकर बाहर आए दूधिया ने जब अपनी मोटरसाइकिल मौके पर नहीं देखी तो उसके होश उड़ गए। ड्रम में करीब 50 लीटर दूध था,आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसने मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था, सुरजीत सिंह ने बताया कि उसकी नानकमत्ता में चौराहे पर खटीमा रोड पर टुरना डेरी है। रोजाना की तरह वह आज भी घरों में दूध देने गया था, सुरजीत सिंह ने मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना पुलिस को दे दी। इधर थाना क्षेत्र में लगातार मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना से लोगों में खासा आक्रोश है। सिसई खेड़ा में 6 अगस्त को आशीर्वाद किराना स्टोर पर ब्रशकेत राणा की मोटरसाइकिल संख्या ना06-बी ए 1360 चोरों ने चोरी कर ली, पुलिस अभी चोरी का खुलासा करती की 8 अगस्त को सिसईखेड़ा में ही बूट हाउस के स्वामी रोहित की दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी दिनदहाड़े हो गई,बाइक चोरी की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट न दर्ज करने पर सिसई खेड़ा व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पाली के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए कहा कि दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय मामलों कोरफा दफा कर रही है,इधर ग्राम ध्यानपुर में भी एक छात्र जो कोचिंग से वापस आ रही थी दिनदहाड़े दो युवकों ने उसका पर्स व मोबाइल छीन लिया,दोनों युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद उनकी पहचान भी हो गई थी,लेकिन पुलिस में रिपोर्ट न होने के कारण पुलिस ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे चोरी की वारदात में लूट की वारदात करने वाले लोगों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, हालांकि पुलिस का दावा है कि पुलिस बाइक चोरों की तलाश में लगी हुई है।

## रिपोर्ट दर्ज करने में पुलिस कर रही है आनाकानी

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र में लगातार चोरियां होने के बावजूद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पुलिस की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी होने के बावजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों को तलाश करने के बजाय पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में पुलिस सिर्फ तहरीर लेकर ही पीड़ित को शांत करती नजर आ रही है। थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने से चोरी करने वाले अपराधियों के भी हौसले बुलंद हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस पर सवाल उठता है कि पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने में क्यों आनाकानी करती नजर आ रही है। सिसई खेड़ा में इससे पहले भी चोरों ने अंग्रेजी वाइन शॉप की शटर तोड़कर लाखों रुपए चोरी कर लिए थे। सिसई खेड़ा के व्यापारी उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।

# हिंदुओं की अनदेखी कर रहा अमेरिका : हरदा

## बांग्लादेश में आजादी से जुड़े बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्तियों को तोड़ा जाना गहरी साजिश : हरीश रावत



देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बांग्लादेश में जनविद्रोह के बाद व्याप्त अराजकता को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पूर्व सीएम हरीश रावत के अनुसार बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं के बाद या उनकी संपत्तियों के बाद यदि किसी के साथ अत्याचार हो रहा है या उनको मार दिया जा रहा है, उनकी प्रॉपर्टी जला दी जा रही है, उनके विश्वास के केंद्रों व उनके उपासना स्थलों को तोड़ा-फोड़ा जा रहा है तो वह हैं हिन्दू भाई। अमेरिका जो दुनिया में मानवाधिकार का पैगंबर बनकर पुलिसिंग करता रहता है। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उसके समाचार केवल हिंदुस्तान में ही नहीं देखे जा रहे हैं बल्कि दुनिया भर में देखे जा रहे हैं उसके बावजूद भी दुनिया भर में अपने को मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों के हितों का पैगंबर बताने वाला अमेरिका और पश्चिमी मुल्क इस तथ्य को अनदेखा कर रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को मारा जा रहा है और उनके उपासना स्थलों को जलाया जा रहा है, उनकी प्रॉपर्टी को नष्ट किया जा रहा है। मैं, प्रधानमंत्री जी से भी अनुरोध पूर्वक पूछना चाहता हूं कि उनकी बाइडेन, ट्रंप आदि नेताओं से दोस्ती काम क्यों नहीं आ रही है? उन्होंने कहा कि यह स्थापित सत्य है कि हमारे पड़ोस के देशों में बांग्लादेश ही एक ऐसा देश था जहां श्रीमती शेख हसीना के रूप में एक मित्र प्रधानमंत्री सत्ता की बागडोर संभाले हुये थी। अब प्रश्न यह नहीं है यह सब कुछ क्यों हुआ? प्रश्न यह है कि हम इतने व्यापक खुफिया तंत्र के बावजूद भी समय पर सूचनाएं पहुंचाने और श्रीमती शेख हसीना तक सूचनाएं पहुंचाने में क्यों कामयाब नहीं हुये? क्या हमें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पाकिस्तान, चीन और यहां तक कि कुछ पश्चिमी देश भी श्रीमती शेख हसीना की नीतियों से नाराज हैं, उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं? क्या वहां पर उग्र इस्लामिक संगठनों के लोग जो कार्यरत हैं और सरकार के खिलाफ अवसर की तलाश में इसकी भारत को जानकारी नहीं थी? मुझे नहीं लगता है कि अब आने वाले लंबे समय तक बांग्लादेश में कोई भारत के साथ कोई मिलकर के चलने वाली सरकार स्थापित होगी! जिस तरीके से बांग्लादेश में बंगबंध शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है, उन प्रतीक चिन्हों को नष्ट किया जा रहा है जो वहां की आजादी से जुड़े हुए हैं, यह एक गहरी साजिश का हिस्सा है।

# चर्चित अंकित चौहान हत्याकांड की मुख्य आरोपी माही को मिली जमानत

नैनीताल। हल्द्वानी में चर्चित अंकित चौहान हत्याकांड की मुख्य आरोपी माही उर्फ डॉली जमानत पर जेल से रिहा हो गई है। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद दो अगस्त को माही उप कारागार हल्द्वानी से रिहा हुई। वहीं उसके प्रेमी समेत हत्या में सभी आरोपी अभी भी सलाखों के पीछे हैं। माही पर अपने प्रेमी अंकित को सांप से डसवा कर मारने का आरोप है। पुलिस की ओर से साक्ष्य के रूप में पेश की गई सीसीटीवी फुटेज में अन्य आरोपी तो नजर आए, लेकिन माही नहीं दिखी और यही माही की जमानत की वजह बनी। रामपुर रोड स्थित रामबाग निवासी होटल कारोबारी अंकित चौहान का शव बीते साल 15 जुलाई 2023 की तीनपानी रेलवे क्रॉसिंग के पास उसकी कार की पिछली सीट पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंकित के दोनों पैरों पर सांप के डसने के निशान मिले थे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की जांच की। माही की कॉल डिटेल से पता चला कि वह अंकित, सपेरे और दीप कांडपाल से लगातार बात कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड में माही का साथ उसके प्रेमी हल्दूचौड़ निवासी दीप कांडपाल, भोजीपुरा बरेली निवासी सपेरा रमेश नाथ, हैदरगंज पीलीभीत यूपी निवासी नौकर राम अवतार और उसकी पत्नी ऊषा देवी ने साथ दिया। माही और उसके प्रेमी को रुद्रपुर पुलिस ने 23 जुलाई 2023 को उस वक्त गिरफ्तार किया था जब वह सरेंडर के लिए अपने अधिवक्ता से मिलने जा रही थी। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि माही जमानत पर दो अगस्त को जेल से रिहा हुई। माही को उसकी बहन के सुपुर्द किया गया है।

# पुलकित आर्य अल्मोड़ा जेल शिफ्ट

चमोली। अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य को चमोली के पुरसाड़ी कारागार से अल्मोड़ा जेल शिफ्ट कर दिया गया है। पुरसाड़ी कारागार में तलाशी के दौरान 20 जुलाई को पुलकित ने जेलर त्रिलोक चंद्र आर्य से हाथापाई कर दी थी। जिसके बाद जेलर ने पुलकित के खिलाफ चमोली कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। अंकिता हत्याकांड के बाद से मुख्य आरोपी पुलकित आर्य को चमोली जनपद के पुरसाड़ी कारागार में रखा गया था। यहीं से पुलकित को पेशी पर कोटद्वार ले जाया जाता था। बीते जुलाई माह में भी कोर्ट में पेश करने के बाद पुलकित को पुरसाड़ी कारागार लाया जा रहा था। कारागार के बाहर तलाशी के दौरान उसने जेलर के साथ ही हाथापाई कर दी थी। जेलर त्रिलोक चंद्र आर्य ने बताया कि कारागार में बंदियों को कोई भी सामान अपने साथ बैरक में ले जाने की अनुमति नहीं होती है, लेकिन पुलकित सामान को अपने साथ ले जाने लगा। रोके जाने पर उसने हाथापाई की। जिसके बाद इस मामले में चमोली कोतवाली में पुलकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# हल्द्वानी नैनीताल मार्ग पर खड़े अनधिकृत वाहनों को हटाया जायेगा

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में हल्द्वानी नैनीताल रोड में काठगोदाम से नरीमन चौराहा तक सड़क किनारे खड़े होने वाले अनधिकृत वाहनों को हटाये जाने हेतु दिनांक 07.08.2024 को सम्भागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हल्द्वानी, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के अतिरिक्त के०एम०ओ०यू० लि० से श्री हिम्मत सिंह नयाल, अधिशासी निदेशक एवं श्री सुरेश सिंह उसीला, चेयरमैन, सेन्ट तेरेसा स्कूल हल्द्वानी से श्री इन्दर सिंह कार्की, निर्मला कॉन्वेन्ट स्कूल हल्द्वानी से जैक्सन मसी तथा सेन्ट्रल बस ट्रान्सपोर्ट से श्री विक्रम सिंह नेगी तथा श्री नन्दन सिंह बोरा, एवं बन्सल ट्रान्सपोर्ट से श्री राजीव कुमार अग्रवाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सभी सम्बन्धितों को अवगत कराया गया कि हल्द्वानी नैनीताल रोड में काठगोदाम से नरीमन चौराहा तक दोनो ओर बड़ी संख्या में प्राईवेट बस, स्कूल बस, केमू बस खड़ी रहती हैं जिस कारण आये दिन उक्त मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है साथ ही दुर्घटनाओं की सम्भावना भी बनी रहती है.उक्त स्थान पर पार्किंग करना पूरी तरह अनधिकृत है। अतः सभी सम्बन्धित वाहन स्वामी अपने अपने वाहनों को उक्त स्थान से हटाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में वाहन प्रतिनिधियों द्वारा अपने वाहनों को अन्यत्र पार्क किये जाने हेतु उपयुक्त स्थान की तलाश करने हेतु एक सप्ताह का समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया। जिस पर वाहन स्वामियों को एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुये अवगत कराया गया कि एक सप्ताह के पश्चात् यदि उक्त स्थान पर पुनः वाहन खड़ा पाया जाता है तो नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# 15 अगस्त को सम्मानित होंगी बघौरी की कृषि उद्यमी पवित्र राणा

## लखपति दीदी राज्य को दिलाएंगी विशेष सम्मान

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। आदिवासी महिला पवित्र राणा ने अथक मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के बलबूते ग्रहणी से सफल कृषि उद्यमी बनकर राज्य का नाम रोशन किया है। बघौरी गांव की पवित्र राणा को लखपति दीदी की उपाधि मिली है। जिसके बाद उन्हें 15 अगस्त को लाल किला दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। क्षेत्र के बघौरी गांव निवासी पवित्र राणा ने वर्ष 2015 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर इस सफर की शुरुआत की थी। उन्होंने एक महिला को साथ लेकर एसएचजी समूह बनाया। पहले चरण में उन्हें कृषि उद्यमी बनकर 100 प्रति माह की बचत हुई। धीरे-धीरे अब उनकी आय 15000 रुपए तक पहुंच गई है। लखपति दीदी बनने के पीछे



पवित्र राणा का कड़ा संघर्ष है। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। उनके परिवार में लोग कम पढ़े लिखे थे और बेरोजगार थे।उन्होंने तमाम चुनौतियों का सामना कर लखपति दीदी की उपलब्धि पाई है। ग्रहणी से सफल कृषि उद्यमी बनी पवित्र राणा ने अथक मेहनत, समर्पण, ढढता से यह मुकाम पाया है। उन्होंने कहा कि संयोग से नही बल्कि पसंद से उधमिता को चुना है। ब्लॉक मिशन की सुनीता कश्यप ने बताया कि 15 अगस्त को लखपति दीदी की उपाधि वाली पवित्र राणा लाल किले में सम्मानित होंगी।

# बालक वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना विकासखंड सितारगंज के प्रथम ट्रायल राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म के मैदान पर दूसरे दिन बालक वर्ग में आयु वर्ग 14 से 17 व 17 से 19के प्रतिभागियों के मध्य प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें बैटरी टेस्ट में पांच प्रतियोगिताएं 30 मी फ्लाइंग रन, वर्टिकल जंप ,मेडिसिन बॉल पुट, 6 गुणा 10 शटल रन, 800 मीटर दौड़ संपन्न हुई यह प्रतियोगिता निम्न 12 खेलों के माध्यम से हुआ एथलेटिक्स ,बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, बैडमिंटन ,ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, फुटबॉल ,बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस और कबड्डी प्रतियोगिताएं हुई। इस अवसर पर ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक सितारगंज निर्मल सरकार, बलवीर सिंह, प्रदीप कुमार, गौरव बिनवाल,, त्रिलोचन जोशी, नवीन चंद शर्मा, मनीष सक्सेना, रानू मसीह, आशीष राय, श्रीमती कविता शर्मा, गुरुदेव सिंह ,नीतीश कुमार, अनिल श्रेष्ठ, अभिषेक चौहान, राम जन्म सिंह चौहान, अवधेश कुमार, विजन बिहार रॉय, देवेंद्र कुमार राय, पंकज राय ,आदि मौजूद थे।



# नर्स के शव के साथ अस्पताल में काटा हंगामा

## दस दिन से लापता नर्स का शव मिलने पर परिजनों ने लगाया हत्या कर पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर कैमिकल डालने का आरोप, दुष्कर्म करने की भी आशंका जताई, एसएसपी ने दिया जांच का आश्वासन





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल की दस दिन से लापता नर्स का यूपी क्षेत्र में सड़ा गला शव बरामद होने के बाद गुस्साए परिजनों सहित अन्य लोगों ने शुक्रवार शाम एंबुलेंस में शव रखकर अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा । परिजनों द्वारा लड़की की मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है नर्स की हत्या कर पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर कैमिकल डालने व दुष्कर्म करने की भी आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गदरपुर के इस्लामनगर निवासी नफीस अहमद जो गदरपुर में थाने के निकट चाय का बेचने का काम करते है उनकी बेटी तस्लीम जहां (32) नैनीताल रोड स्थित फुटेला अस्पताल में नर्स थी। वह अपनी 11 साल की बेटी के साथ बिलासपुर के डिबडिबा स्थित वसुंधरा कॉलोनी में रहती थी। 30 जुलाई से तस्लीम लापता थी। उसकी बहन यासमीन ने 31 जुलाई को रुद्रपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो वह अंतिम बार 30 जुलाई की शाम वसुंधरा कॉलोनी के पास दिखी बृहस्पतिवार रात तस्लीम का कंकाल उसकी कॉलोनी को जाने वाली सड़क के पास एक खाली प्लॉट की झाड़ियों से बरामद हुआ था। परिजनों ने कपड़ों के आधार पर उसकी शिनाख्त की। सूचना पर बिलासपुर और रुद्रपुर कोतवाली की टीम मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल यूपी क्षेत्र होने के चलते बिलासपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया। शुक्रवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव को एंबुलेंस में रखकर फुटेला अस्पताल के बाहर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। लोगों की भीड़ देख अस्पताल प्रबंधन ने गेट पर ताला लगाने के साथ ही पुलिस को सूचना दी थी।कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश की। मृतका के पिता नफीस का कहना है कि बेटी के लापता होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने सहयोग नहीं किया था। गदरपुर के समाजसेवी मो.शदाव, सलीम बाबा, शाकिर अली, मोमीन, नाजिर सहित काफी संख्या में लोग हॉस्पिटल पहुंच गए मृतक लड़की की ओर से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की वही मृतक के भाई मोहम्मद रफी का कहना है की मृतका की बहन को अस्पताल के मालिक से मिलने तक नहीं दिया गया और वह बहन की तलाश में परेशान घूमती रही।वही बंद गेट के अंदर से ही अस्पताल के मैनेजर रोहित कपूर ने लोगों से बात कर कहा कि पुलिस जांच कर रही है। अस्पताल की ओर से जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। प्रबंधन पर किसी भी तरह की लापरवाही के आरोप को उन्होंने खारिज कर दिया। कहा कि गुमशुदगी के बाद से ही अस्पताल की ओर से पुलिस अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा था। वही गदरपुर के समाज सेवी मोहम्मद शादाब द्वारा टेलीफोन पर एस एस पी से वार्तालाप के बाद एसपी द्वारा बताया कि मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। जिसके बाद सभी लोग शव को लेकर वापस रवाना हो गए और शाम को ही गदरपुर के कब्रिस्तान में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।वहीं मामले में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा है कि चार टीमों का गठन कर दिया गया है पीड़ित परिवार की पूरी मदद की जाएगी और जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा ।

# सात भाई बहनों में सबसे बड़ी थी तस्लीम

## तलाक के बाद सात साल से रुद्रपुर में कई अस्पतालों में कर चुकी है काम, बेटी बेसहारा

रुद्रपुर। मृतक की बहन यासमीन ने बताया कि उनकी बहन की शादी वर्ष 2013 में हुई थी। कुछ साल बाद उनका तलाक हो गया था। यासमीन की एक बेटी है, जो चौथी कक्षा में पढ़ती है। तस्लीम सात भाई और बहनों में सबसे बड़ी थी। कहना है कि बहन की हत्या की गई है।उन्होंने पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई है।तस्लीम जहां की 11 वर्ष की मासूम तंजीला को अपने सिर से अम्मी का साया उठ जाने का बिल्कुल भी एहसास नहीं हैं। वह अब भी लोगों की भीड़ के बीच अपनी मां की राह ताक रही है और परिजनों से पूछ रही है कि उसकी अम्मी कब आएगी। जवाब में परिजनों के आंखों से सिर्फ आंसू ही टपक रहे हैं। बृहस्पतिवार को गदरपुर थाने के सामने चाय बेचने वाले वार्ड नंबर नौ निवासी नफीस अहमद की बेटी तस्लीम का क्षत विक्षत शव मिला था। तस्लीम 30 जुलाई से घर नहीं लौटी थी। करीब 12 वर्ष पहले तस्लीम जहां का तलाक हो गया था। तब उसकी गोद में छह माह की तंजीला थी, जिसे अपने नाना नफीस अहमद, नानी नईम जहां के अलावा छह मौसी और मामा रफी का सहारा मिला। शौहर से तलाक के बाद तस्लीम अपने माता-पिता पर बोझ नहीं बनना चाहती थी। उसने कामकाज करना शुरू किया। पिछले सात साल से वह रुद्रपुर में रहकर कई अस्पतालों में काम कर चुकी थी। बेटी तंजीला के सुनहरे भविष्य के लिए तस्लीम ने उसका रुद्रपुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में दाखिला कराया, जहां वो कक्षा चार में पढ़ रही है। घर में शोक जताने वाले के लिए लोग पहुंच रहे हैं। मां की मौत से अंजान तंजीला अब भी तस्लीम जहां का इंतजार कर रही है। तस्लीम की मौत से परिजन स्तब्ध हैं। तस्लीम की छोटी बहन मुस्कान का कहना है कि उसको किसी से खतरा या कोई परेशानी नहीं थी। अन्य बहनें भी आए दिन तस्लीम के यहां आकर उसके सुख-दुख की साथी बनती थी लेकिन तस्लीम की ओर से उन्हें कभी भी ऐसा कुछ महसूस नहीं हुआ कि वो परेशान है। तस्लीम की दो छोटी बहनों शाइन और रिजवाना का निकाह हो चुका है। तस्लीम तीन वर्ष से एक निजी अस्पताल में काम करने जाती थी। ड्यूटी के बाद उसे जिम भी जाने का शौक था। पिता नफीस अहमद ने किसी साजिश का अंदेशा जताया। उनका कहना है कि जब से उनकी बेटी तस्लीम लापता हुई अस्पताल प्रबंधन ने उसकी सुध नहीं ली और न ही उसके बारे में कोई जानकारी सांझा की है। तस्लीम के परिजनों उसकी मौत की निष्पक्ष जांच और दोषी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।





जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट,93 मार्ग बंद

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत, उत्तरकाशी बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में गर्जना के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो अगले पांच दिनों तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश हो सकती है। प्रदेश में भारी बारिश के बाद मार्गों में जगह-जगह मलबा आने से 93 मार्ग बंद हैं। रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में कुंड पुल के पास कटाव के चलते वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कुंड-चुन्नी बैंड से कालीमठगेट-गुप्तकाशी का प्रयोग किया जा रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग में लिनचौली के पास मलबा आने से मार्ग बंद है। रुद्रप्रयाग में 12 ग्रामीण और दो पैदल मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी में दो राज्य और नौ ग्रामीण मार्ग, नैनीताल में एक राज्य और 10 ग्रामीण मार्ग, बागेश्वर जिले में 12 ग्रामीण मार्ग, देहरादून जिले में एक राज्य और सात ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ में एक बॉर्डर व 21 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा में एक ग्रामीण मार्ग, चंपावत जिले में चार ग्रामीण, हरिद्वार में दो और पौड़ी जिले में एक राज्य मार्ग और सात ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
कुंडली
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# महिला मोर्चा कल से निकालेगी तिरंगा यात्रा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा 11 से 13 अगस्त तक पूरे जनपद में तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस दौरान देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिको को सम्मानित किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा उधम सिंह नगर की जिला अध्यक्ष विमला मुडेला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता विधानसभा स्तर पर तिरंगा पदयात्रा निकालेंगे। इस यात्रा में अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता को भी सुनिश्चित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे कार्यकर्ता अधिकाधिक लोगों को तिरंगा उपलब्ध करा सके। उन्होंने कहा कि 11 से 13 अगस्त के चलने वाले इस अभियान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों , सैनिकों को भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी सम्मानित करेंगी इसके अलावा जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर सैनिकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर पूरे जनपद में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कैंडल मार्च निकालेंगी और विभाजन विभीषिका दिवस के कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुडेला ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं,उससे केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिल रहा है तथा देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी के कार्य सराहनीय: रावत

रामनगर(उद संवाददाता)।कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत शुक्रवार को रामनगर पहुंचे। जहां उन्होंने सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सोसाइटी द्वारा घरों और अन्य क्षेत्रों से पकड़े गए 50 से अधिक विषैले सांपों को ग्राम टेडा रोड स्थित एक जंगल में आजाद करते हुए सोसाइटी द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की प्रशंसा की।आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि इस बार सर्पदंश से कुमाऊं में 10 लोगों की मौत हो चुकी है जो कि एक गंभीर मामला है।उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में एंटी वेनम वायल पर्याप्त संख्या में रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जो मजदूर काम करने के लिए आते हैं उनके लिए ना तो पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था होती है और ना ही उनके रहने की कोई उचित व्यवस्था होती है। मजदूर शौच के लिए जंगल जाते हैं तो वहीं जमीन में सो कर रात बिताते हैं जो की न्याय संगत नहीं है उन्होंने कहा कि इसके लिए श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि काम करने वाले श्रमिकों के लिए शौचालय की व्यवस्था



तथा उनके सोने के लिए ऊंचाई पर पलंग व बिस्तर की व्यवस्था होनी चाहिए ऐसा न होने पर उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार व बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सांपों के संरक्षण को लेकर काम कर रही सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा अब तक हजारों की संख्या में सांपों का रेस्क्यू किया जा चुका है तो वही सर्पदंश का शिकार हुए हजारों लोगों की जान भी बचाई जा चुकी है जो की काफी प्रशंसनीय है उन्होंने कहा कि उनके स्तर से सोसाइटी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।इस दौरान सेव द स्नेक सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रसेन कश्यप, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, मीडिया क्लब के महामंत्री राजीव अग्रवाल, मीडिया क्लब वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर जफर सैफी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने, सेव द स्नेक सोसाइटी के किशन कश्यप,अर्जुन कश्यप,विक्की कश्यप, बंटी अरोरा, नाजिम सलमान,नदीम वारसी, कैलाश सुयाल, रागिब खान,आसिफ इकबाल, रोहित गोशवामी,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के अलावा एसडीएम राहुल शाह,तहसीलदार कुलदीप पांडे, अधिशाषी अभियन्ता एके गुप्ता,एसडीओ सिंचाई विभाग मयंक मित्तल,रामनगर वन प्रभाग की एसडीओ पूनम कंथोला, एसडीओ महेश जोशी,रेंजर जेपी डिमरी,वन दरोगा वीरेंद्र पांडे मौजूद रहें।




# मर्यादा के बिना ज्ञान और भक्ति व्यर्थः शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 20वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि धर्म का फल है शांति, अधर्म का फल है अशांति ,धर्म की मर्यादा का पालन न करने पर शांति नहीं मिलती,स्त्री और पुरुष को अपनी अपनी मर्यादा में रहना चाहिए, मानव जब मर्यादा का उल्लंघन करता है तो अशांति आती है, धर्म मर्यादा के बिना ज्ञान भक्ति या त्याग सफल नहीं हो सकते, चंदन और पुष्प से श्रीराम जी की सेवा करना अच्छी बात है किंतु उनकी मर्यादा का पालन करना तो सर्वोत्तम सेवा है, धर्म की मर्यादा कभी ना तोड़ो, धर्म मर्यादा के बिना ज्ञान और भक्ति व्यर्थ है। प्रसाद की सेवा समाजसेवी जय किशन भुड्डी के जन्मदिन की खुशी में उनके परिवार द्वारा, श्रीमति सरोज बजाज, श्री मति आशू छाबड़ा, श्रीमति सोनू छाबड़ा व श्रीमती सीमा डुमरा एवं रतनलाल निवासी करतारपुर रोड के परिवार द्वारा दी गई।





# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री ने ली बैठक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा नानकमत्ता मंडल की बैठक में तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी भूमिका निभाने का वचन दिया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने की बात राणा मण्डल अध्यक्ष, विकास गुलाटी मण्डल महामंत्री, प्रेम सिंह टुरना पूर्व चेयरमैन, रवि ग्रेवाल मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, भास्कर सम्मत प्रदेश अध्यक्ष प्रध ानसंघ, जगजीत सिंह सदस्य किसान आयोग समेत अन्य लोगों ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव



कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।विकास शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है और इसका सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। इस यात्रा के माध्यम से हम अपने देश के प्रति प्रेम और सम्मान को प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और घर-घर में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करें। बैठक में विभिन्न स्तरों पर तिरंगा यात्रा की तैयारियों की कही। श्री शर्मा ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हमारा कर्तव्य है कि हम उनके बलिदान को सम्मानित करें और तिरंगे के प्रति अपनी वफादारी और देशभक्ति को प्रदर्शित करें। बैठक के दौरान, उपस्थित डॉ. प्रेम सिंह विधानसभा संयोजक, इन्द्रपाल सिंह मान जिला उपाध्यक्ष, ओम नारायण राणा जिला मंत्री, धर्म सिंह भी साझा किए और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी ने मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया और देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करने का वादा किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के इस प्रयास में नानकमत्ता मंडल के सभी कार्यकर्ता और जनता पूरी उत्सुकता और जोश के साथ जुट गई है।

# थैलीसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नारायण हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भगवती ब्लड सेवा द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन समाजसेविका श्रीमती विपुला रानी के जन्मदिवस पर थैलेसीमिया मरीजों के लिए रक्त इकट्ठा करने हेतु किया गया। इस दौरान डॉ० सोनिया अदलखा ने बताया नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है । जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। एक यूनिट रक्तदान से तीन मरीजों की जिंदगी बच सकती है। एक यूनिट रक्तदान से पीआरबीसी, प्लेटलेट्स कॉन्संट्रेट, फ्रेश फ्रोजेन प्लाज्मा बनाया जाता है। इससे हीमोग्लोबिन की कमी, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा की कमी पूरी होती है। डॉ० प्रशांत चौहान ने बताया थैलेसीमिया एक गंभीर रोग है जो माता - पिता से ही बच्चों में यह रोग फैलता



है। इनके शरीर में खून की कमी हो जाती है। खून पर ही उनका जीवन चलता है। थैलेसीमिया से 2 वर्ष से कम आयु के शिशु के अधिक पीड़ित होने की संभावना रहती है। शिविर में दान किए गए रक्त को मुख्य रूप से थैलेसीमिया के मरीजों के ईलाज के लिए प्रयोग किया जाएगा। आयोजन की सफलता मे राजन सिंह, अतुल कुमार वार्ष्णेय, उदय वार्ष्णेय, लोचन वार्ष्णेय, अग्रिम वार्ष्णेय, राकेश दास, अनुज शर्मा रहे।

# युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में काली चौड मंदिर गेट के आसपास पौधारोपण किया गया। जिसमें आवला, अमरूद, पपीता आदि के पौधे लगाए गए। साहू ने कहा भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हम संगठन के 64 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और सेवा कार्यों को याद करते हैंहमारे यह प्रयास प्रत्येक भारतवासी और विशेषकर युवाओं के हक में अनवरत जारी रहेंगे। इस मौके पर प्रीति आर्या, अनीता देबी, काजल आर्या, लालू राम, मीरा आर्य समेत तमाम लोग थे।



# बाल श्रम, भिज्ञावृत्ति व बाल विवाह रोकने के लिए चलायें जागरूकता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बाल श्रम, भिक्षावृत्ति , बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई जिसमें श्रम विभाग, महिला कल्याण ,शिक्षा चिकित्सा समाज कल्याण बाल विकास पंचायती राज बाल कल्याण समिति चाइल्ड हेल्पलाइन तथा सभी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि जून 2024 में 35 निरीक्षण किए गए तथा चार बाल श्रमिक पकड़े गए जिन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी किशोर का संबंधित जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए तथा उसका निरंतर फॉलो अप करने हेतु भी निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग को समस्त इंटर स्कूल में चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम माध्यम से 1098, गुड टच बैड टच आदि पर गोष्ठी आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया । जिला प्रोवेशन अधिकारी को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ दी प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठक कराने के निर्देश दिए । चाइल्ड हेल्पलाइन के समक्ष कुल 8 केस लंबित थे जिसके त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्राम स्तरीय समितियों में बाल संरक्षण बाल विवाह के विषय पर आवश्यक चर्चा करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी विभागों को अपने फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से बाल श्रम,बाल विवाह के विषय पर जागरूकता की जाए। बाल कल्याण समिति के यदि कोई गंभीर प्रकरण जैसे बाल विवाह आदि संज्ञान में आते हैं वह इसकी सूचना उत्तराधिकारियों को प्रेषित करने के साथ-साथ समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाए । सभी विभागों को आपसे समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों के सर्वोत्तम हित हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए । बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध सहायक श्रम आयुक्त अरविंद सैनी,जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योम जैन,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमलता सिंह,सदस्य बाल कल्याण समिति पुष्पा पाणु, विवेक तगड़ा , अजय जोशी, आई एसडी से अमित श्रीवास्तव,चाँदनी समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन आदि उपस्थित थे।



# हजारों बच्चों ने दी भारत को जानो लिखित परीक्षा

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद , उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा का आयोजन प्रान्त की 16 शाखाओ द्वारा किया गया। लिखित परीक्षा में विभिन्न नगरों के 253 विद्यालयों के 50 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रान्तीय महासचिव हरीश शर्मा ने भारत को जानो प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को जानो राष्ट्रीय स्तर पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली एक अनूठी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता है। जिसके माध्यम से छात्र छात्राओं को भारत भूमि के स्वर्णिम एवं गौरवशाली इतिहास एवं प्रगतिशील वर्तमान से परिचय करवाया जाता है।यह प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सभी विद्यालयों में लिखित परीक्षा का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। खटीमा, टनकपुर, सितारगंज, हल्द्वानी, काठगोदाम, नैनीताल, रुद्रपुर, लालकुआँ, गदरपुर, पंतनगर, काशीपुर, रामनगर नगरों की 16 शाखाओं के सदस्यों ने 253 विद्यालयों में जाकर लिखित परीक्षा सम्पन्न करवाई। लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर सभी विद्यालयों से सीनियर एवं जूनियर वर्गों से प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों की टीमें अगले चरण में शाखा स्तरीय प्रश्नमंच में प्रतिभाग करेंगी और विजेता टीम क्रमशः प्रान्त स्तरीय, क्षेत्र स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रान्तीय अध्यक्ष नरेश कंसल ने उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त की सभी शाखाओं के दायित्वधारियों तथा परिषद के सभी सदस्यों का सफलतापूर्वक प्रतियोगिता सम्पन्न करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। **गदरपुर**-भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन नगर के विद्यालयों में किया गया।परिषद के शाखा अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता आज पूरे प्रांत में हो रही है।गदरपुर नगर के 10 विद्यालयों सरस्वती शिशु मंदिर,सरस्वती विद्या मंदिर,रेड रोज पब्लिक स्कूल,रेड रोज कॉन्वेंट,सैंट मैरिज, मोनाड पब्लिक स्कूल,एस एस पब्लिक स्कूल, लॉयंस पब्लिक स्कूल,गुरुनानक पब्लिक स्कूल तथा सिटी मॉडल पब्लिक स्कूल ने प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता में जूनियर एवम् सीनियर वर्ग के 1500 के करीब छात्र छात्राओं ने भाग लिया।परीक्षा हिंदी एवम अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई।श्री बजाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विज्ञान,संस्कृति,इतिहास,धर्म तथा खेल कूद से संबंधित प्रश्न पूछे गये।इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाने में कार्यक्रम संयोजक राकेश भुड्डी,राजीव ग्रोवर,विकास कुकरेजा,शाखा सचिव प्रमोद बजाज,कोषाध्यक्ष विनीत अरोड़ा, विनोद चुग्घ,सरोज बजाज,राकेश काम्बोज,रमन छाबड़ा,बैंटी छाबड़ा,मनोज कक्कड,पारस धवन,परवीन गिलहोत्रा, राकेश चावला,सोनू विश्वास ज्योति ग्रोवर,रिया छाबड़ा,शीतल छाबड़ा सहित सभी पदाधिकारियों ने सहयोग किया।







# उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड का सदस्य मनोनीत किये जाने पर राम प्रकाश गुप्ता का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राम प्रकाश गुप्ता को उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के सदस्य मनोनीत किये जाने पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने उनके आवास पहुंचकर स्वागत किया। चुघ ने कहा कि उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के सदस्य राम प्रकाश गुप्ता कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और लगातार पार्टी हित के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हैं ,ऐसे में सरकार ने उनको सम्मान देते हुए उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। ऐसे में श्री गुप्ता यहां के श्रमिकों के हित के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सोंपा है वह उसकी पूर्ण ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे और श्रमिकों के हित के लिए सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान पिंटू, मुकेश, विशाल, शिवचरण, चंद्रपाल, सूरज, सनी पासवान, शिबू, राजू, अमित ,राहुल वर्मा, सोनू राठौर ,सनी राठौर ,दीपक राठौड़, संतोष पाल ,चंद्र प्रकाश, राज कोली आदि मौजूद थे।




# ब्लॉक स्तरीय इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में ब्लॉक स्तरीय इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने किया। उन्होंने इस अवसर पर ब्लॉक के समस्त विद्यालयों से आए हुए विज्ञान शिक्षकों का निर्देशित किया कि वह वर्ष 2024- 25 के इंस्पायर अवार्ड मानक का अच्छी तरह से अध्ययन कर छात्र छात्रों को इसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें। खंड शिक्षा अधिकारी सावेज आलम शिक्षकों को अधिक से अधिक छात्रों को इंस्पायर अवार्ड के लिए बेहतर प्रोजेक्ट चुनने में छात्रों की मदद करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में रुद्रपुर ब्लाक के विज्ञान कोऑर्डिनेटर श्रीमती विनीता जगदीश ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस वर्ष इस पर अवार्ड मानक में हुए परिवर्तन मैं जानकारी देते हुए इस वर्ष के इंस्पायर अवार्ड के मानकों को विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रेमचंद ,राजपति बिंद,गिरीश शर्मा,पूजा बत्रा, सायरा खातून सहित ब्लॉक के समस्त विज्ञान शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन गिरीश शर्मा ने किया।



# व्यापारियों ने सीओ को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैन हेउसेन शोरूम मे आठ दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किए जाने के खिलाफ व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने ने सीओ निहारिका तोमर का घेराव किया। साथ ही कहा कि शीघ्र ही खुलासा नहीं हुआ तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। व्यापारियों ने रोष जाहिर करते हुए कहा कि एक सप्ताह पूर्व हुई दिन दहाड़े चोरी का पुलिस द्वारा अभी तक खुलासा नहीं किया गया है जिससे व्यापारियों में रोष है। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस द्वारा दिन में गश्त नहीं की जाती है जिससे असामाजिक तत्व व चोरों के हौसले बुलंद हैं। सीओ ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घेराव करने वालो मे व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, सुनील ठुकराल,नीतीश धीर, राजेश कामरा, पवन गाबा निखिल कालरा, दिलप्रीत सिंह, गौरव ठुकराल, सौरभ अरोरा, रजत सेठी, सुनील झाम, हर्षित कुमार, शिवम् नरूला, केतन बांगा, वंश गुलाटी, गर्वित मुंजाल आदि शामिल थे।



# महिला कांस्टेबल सोनिया टम्टा के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

रूद्रपुर। सेनानायक 31 वीं वाहिनी पीएसी श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी के दिशा-निर्देश में वाहिनी परिवार महिलाओं व बच्चों एवं महिला कर्मियों हेतु तीज महिलाएं सज-सवंकर कार्यक्रम में आयी थी।। कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी परिवार महिलाओं एवं पुलिस महिला कर्मियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तीज क्वीन का ताज महिला कांस्टेबल सोनिया टम्टा को प्राप्त हुआ। तीज क्वीन का द्वितीय स्थान महिला कांस्टेबल निर्मला जिम्मिवाल व तीज क्वीन कबतृतीय स्थान महिला हेड कांस्टेबल हेमा रानी द्वारा प्राप्त किया गया। सभी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमो, मेंहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को गिफ्ट चूड़ियां बांटी गईं। जिससे सभी में काफी खुशी देखी गयी।कार्यक्रम में अतिथियों के साथ -साथ श्रीमती राधा बिष्ट, दलनायक, श्रीमती अंजू गनघरिया, प्रधान लिपिक, समस्त पुलिस मार्डन स्कूल स्टॉफ, अन्य महिला अधिकारी / कर्मचारी एवं पारिवारिक महिलाएं उपस्थित रहीं।






कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित समस्त अधिकारी एवं उनकी धर्मपत्नियों का गजरा लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी

# सीएम की घोषणाओं के कार्य समय पर हों पूरे: नवाब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के वार्ड 59 एवं 60 में पेयजल, सडक, नाला एवं सीवर लाईन का कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्वता के साथ पूरे हो। अधिकारी नियमित कार्यो की मानिटरिंग भी करना सुनिश्चित करें। यह बात उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने स्थलीय विकास कार्यों का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 37 करोड की लागत से बनभूलपुरा क्षेत्र के सबसे बडे वार्ड 59 एवं 60 में कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ध नराशि का आवंटन सरकार द्वारा कर दिया है। दोनो वार्डो मे पेयजल, सीवर, सडक एव सडक किनारे नालियों का निर्माण होना है। उन्होंने कहा क्षेत्रवासियों को कार्य पूर्ण होने के पश्चात पेयजल, सीवर, सडक समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जांए ताकि आमजनता को इसका लाभ समय से मिल सके। उन्होंने कहा इससे पूर्व 20 करोड की लागत से क्षेत्र में नई पेयजल लाईन बिछा दी गई है। जिसके रखरखाव का जिम्मा पेयजल निगम को 5 वर्ष के लिए दिया गया है। श्री नवाब ने कहा सरकार आम जमानस के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर समाज के अन्तिम तबके के व्यक्ति तक लाभ पहुचाने का कार्य कर रही है।



# भट्ट ने सदन में उठाई हवाई सेवाओं के विस्तार की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा सदन में उधम सिंह नगर स्थित पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने सहित राज्य के पिथौरागढ़ और चिन्यालीसोड, गोचर में हवाई सेवा शुरू करने को लेकर सदन के माध्यम से सवाल उठाया और सरकार से मांग की। सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा सदन के माध्यम से मांग पंतनगर एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने की पूरी क्षमता रखता है और हाल ही में उत्तराखंड की राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए जाने के लिए उपयोग में ली जाने वाली भूमि की व्यवस्था कर दी है। श्री भट्ट ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनना इसलिए आवश्यक है कि न सिर्फ यहां से कुमाऊं क्षेत्र के पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी इस एयरपोर्ट का अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट होना बेहद आवश्यक है उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से कुमाऊं मंडल में नैनीताल, कैंची धाम, भीमताल, जागेश्वर, आदि कैलाश और कैलाश मानसरोवर सहित दो दर्जन से भी अधिक ऐतिहासिक, पौराणिक और दार्शनिक स्थल व रमणीय स्थल में देश-विदेश से लोग हवाई सेवा के माध्यम से आ सकेंगे। इसके अलावा श्री भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के पंच केदार और विभिन्न पौराणिक स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को हवाई सेवाओं का लाभ देने के लिए चिनियालीसोड ,गोचर और पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट से भी हवाई सेवा का सुचारू संचालन होना बेहद आवश्यक है, श्री भट्ट ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द उत्तराखंड में हवाई सेवा का विस्तार यहां के पर्यटन तीर्थाटन और व्यावसायिक गतिविधियों को बूम करने में सहायक सिद्ध होगा।



# भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा काठगोदम की ओर से भारत को जानो की लिखित परीक्षा संपन्न हुई जिसमें 46 विद्यालयों के 11600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजिका ममता खुल्लर एवं अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी बताया कि ये लिखित परीक्षा संपूर्ण उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रांत में एक साथ प्रात: 10 बजे से 10.30 के बीच में संपन्न हुई। सचिव नीलम शर्मा ने बताया क्वींस पब्लिक स्कूल, इन्सपैरेशन, निर्मला कॉन्वेंट सी सेकण्ड्री स्कूल, बियशिवा स्कूल , खालसा गर्ल्स इण्टरकॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर सी. सैकेण्डरी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर रानीबाग, कारगिल राजकॉय इण्टर कॉलेज दोगड़ा , आदि 46 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता को संपन्न काराने में अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा, प्रतियोगिता संयोजक ममता खुल्लर, महिला संयोजिका गरिमा विशाल सिंहल , मंजु केसरवानी, रेणुका गर्ग, रश्मिजैन, अलका माहेश्वरी, अरुणा आलोक सक्सेना, रेणु दीपक बिस्ट, राजेश अग्रवाल, हितेंद्र उप्रेती, सुजाता माहेश्वरी, जीतेन्द्र डिरौलिया, सुरभि, सुशील मित्तल ने कार्यक्रम संपन्न कराया।

# गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए एक करोड़ सैंतीस लाख रूपये स्वीकृत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए शासन ने एक करोड़ सैंतीस लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है।विदित हो कि इस लिंक मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने लगातार प्रदर्शन किये थे तथा एक माह पूर्व उक्त सड़क पर धरना दिया था। श्री कर्नाटक के द्वारा चेतावनी भी दी गयी थी कि यदि एक माह के भीतर सड़क सुधारीकरण की कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी तो वे वृहद जन आन्दोलन के साथ चक्काजाम, आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे।उनके धरने और आन्दोलन की चेतावनी का एक बड़ा असर देखने को मिला। सड़क सुधारीकरण के लिए शासन से एक करोड़ सैंतीस लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत हो गयी है।इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग अल्मोड़ा का मुख्य लिंक मोटर मार्ग है जिसके सुधारीकरण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसका हम समस्त क्षेत्र वासियों की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन करते हैं।इसके साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोगों के द्वारा जनहित में इस सड़क सुधारीकरण के लिए उनके द्वारा किये गये आन्दोलन को अपना समर्थन दिया गया जिसका परिणाम है कि आज इस सड़क सुधारीकरण के लिए शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत कर दी गयी है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि कहा कि इस सड़क का सुधारीकरण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जाए, साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वह यह सुनिश्चित करें कि उक्त कार्य में उच्च स्तरीय गुणवत्ता बरकरार रहेगी।

# हेमू बने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ क्षेत्र की सबसे पौराणिक रामलीला कमेटी श्रीचारधाम मंदिर गुजरौड़ा में आगामी रामलीला मंचन हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में हेमू पडलिया को निर्वाचित किया गया। बताया गया कि 50 से अधिक वर्षों से यहाँ पर रामलीला का मंचन होते आ रहा है। वहीं महाप्रबंधक जमन सिंह निगल्टिया, प्रबंधक पंकज जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवल सती, उपाध्यक्ष देव बिष्ट, सचिव गोपाल पडलिया, उपसचिव चेतन जोशी, कोषाध्यक्ष प्रमोद पलड़िया, मेला इंचार्ज तिलकराज किरौला, सह मेला इंचार्ज मुकेश भट्ट को चुना गया।

# देशी शराब समेत युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। काठगोदाम पुलिस ने एक युवक को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 53 पव्वे बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। काठगोदाम थाना पुलिस दमुवाढूंगा क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे। इसी बीच मित्र पुरम चौफुला रोड की तरफ एक व्यक्ति व्यक्ति अपने पीठ में एक सफेद कट्टा रखकर ले जाते दिखा जो पुलिस को देखकर जंगल की ओर जाने लगा। उसके पास मिले थैले की तलाशी ली गई तो उसमें देशी शराब के 53 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जीतू पुत्र स्व. छोटे लाल निवासी कुमाऊं कालोनी दमुवाढुंगा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में कुछ दिनों से हो रही अराजकता एवं कत्ले आम की घटनाओं से क्षुब्ध होकर एकम सनातन भारत दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आरके महाजन के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के सहयोग से प्रदर्शन करते हुए सरकार से हिंदू परिवारों एवं उनके संपत्ति की सुरक्षा करने की मांग की गई, साथ ही बांग्लादेश के विरोध में नारेबाजी भी की गई । मुख्य मार्ग पर हजारीलाल पेट्रोल पंप के सामने एकत्र हुए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एकम भारत सनातन दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आर के महाजन ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के रूप में जीवन व्यतीत कर रहे हिंदू समाज के लोगों को चुन-चुन कर निशाना बनाते हुए उनकी हत्या और उनकी संपत्ति को लूटा एवं नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को तत्काल हिंदू परिवारों की सुरक्षा के लिए इंतजाम करना चाहिए । उन्होंने कहा कि शांतिप्रिय हिंदू समाज के लोग अल्पसंख्यक के रूप में बांग्लादेश में रह रहे हैं जिनकी सुरक्षा करना सरकार का काम था परंतु बांग्लादेश की सरकार की शह पर ही ऐसा अराजकता का माहौल बनाया गया है जिसकी हम निंदा करते हैं ।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना रोज प्रकट किया । इस मौके पर अमित ढींगरा, अमरीक सिंह,गोपाल कश्यप, हरचरण चन्ना, पंडित बाबूराम शर्मा, अजय सैनी, कुंवर सिंह, सुनील सैनी, अमित बतरा, सोनू सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# आंगनबाड़ी केन्द्र में बांटा पौष्टिक आहार

किच्छा(उद संवाददाता)। तहसील किच्छा सितारगंज विधानसभा के क्षेत्र गडरिया बाग गंगोली गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ती हेमा पांडे ने ग्रामीणों को पौष्टिक आहार का वितरण किया। तथा ग्रामीणों को वर्षा काल में सावधानी बरतनी की भी जानकारी दी । पौष्टिक आहार में अंडों के अलावा किटों का वितरण भी किया गया। जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाली सामग्री भी उपलब्ध थी। अधिकांशत गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के अनुसार अंडो का वितरण भी किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमा पांडे ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध समस्त सामग्री ग्रामीणों को निरंतर वितरित की जा रही है। जिसका ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर बच्चों के घटते बढ़ते वजन पर भी निगरानी रखी जा रही है तथा बच्चों को खेलों के माध्यम से शिक्षा भी दी जा रही है। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को अंडों के वितरण के साथ-साथ चिन्हित पांच परिवारों को किट भी उपलब्ध कराई गई तथा वितरण किया गया।



# सरस्वती विद्या मन्दिर में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)।नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सचिन चावला, प्रधानाचार्य कैलाश भट्ट, प्रकाश चंद्र, राजीव कुमार,तुलसी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्रों ने नवाचार से संबंधित अनेक मॉडल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में भाव्या, कनिष्क, मनिका, हषिष्का, सुहानी, आयुषी, सौरभ,भावना खुशी, अश्वनी, रश्मी ने प्रथम,अनमोल, गोल्डी,श्रेया ,श्वेता,अनिकेत, मनु,अथर्व, सिद्धार्थ, परीक्षित, देव ने द्वितीय स्थान तथा ओम, हर्षिता, खुशी, वर्तिका, श्याम, हिमानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन चावला ने छात्रों को पुरस्कृत किया तथा बताया कि विज्ञान हमारे जीवन का आधार हैं। जिसकी प्रगति से ही हमारे देश की उन्नति सम्भव हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश भट्ट, प्रकाश चंद्र,राजीव कुमार, तुलसी प्रसाद सोरारी तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।



## पेज एक का शेष...

**पीएम मोदी ने वायनाड...**करेंगे और उनकी परेशानियों के बारे में जानेंगे। वह अस्पताल का दौरा करेंगे और भूस्खलन में घायल उन लोगों से मुलाकात करेंगे, जिनका इलाज चल रहा है। बाद में प्रधानमंत्री एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जहां उन्हें इस प्राकृतिक आपदा और चल रहे राहत प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री के दौरे पर वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भी खुशी जाहिर की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'धन्यवाद मोदी जी, वायनाड जाकर त्रासदी का जायजा लेने के लिए। यह एक अच्छा फैसला है।' राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री वायनाड के हालात को देखकर वायनाड त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करेंगे।

**ज्वैलर्स से अभद्रता पर ..**चौकी पर पहुंचकर चौकी प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। उन्होंने चौकी इंचार्ज संदीप पिलखवाल पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए उनको हटाने की मांग की। करीब दो घंटे बाद कोतवाल मनोहर दसौनी पुलिस कर्मियों के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर भविष्य में इसकी पुनर्रावृति न होने का भरोसा दिया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान मनोज छावड़ा, संदीप राव, किशरन उसहगल, पवन गाबा, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, शिवेन सेठी, गौरव गांधी, इन्दरजीत सिंह, आकाश अरोरा, अजय सहगल, कंवलजीत बठला, अमित तनेजा, पारस अरोरा, सागर छावड़ा, जोम्मी चांडा आदि व्यापारी मौजूद थे।

**फर्नीचर शोरूम में ..**नहीं फैल सकी। इससे और बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। शोरूम स्वामी मोईन खान के अनुसार आग से करीब साठ लाख का नुकसान हुआ हैं। जिसकी शोरूम स्वामी ने मुआवजे की मांग की है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर...**6965 को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। मौके पर बाइक सवार व्यक्ति को गंभीर हालत में देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हिमांशु शर्मा नाम का टैंपो चालक घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जगदीश कुमार शर्मा निवासी सरस्वती कालोनी किच्छा के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि मृतक प्लैटिना बाइक पर किच्छा को आ रहा था ।

**दरऊ चौकी के..**पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विच्छेदन हेतु भेज दिया था। युवक ने नीली रंग की शर्ट हरे रंग की पैंट पहनी हुई थी। पुलिस द्वारा युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा था। चौकी प्रभारी दीवान सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए घटनास्थल के आस-पास सभी सीसी कैमरे खंगाले गये। जिसमें रिलायंस पेट्रोल पंप से आते हुए मृतक देखा जा रहा है तथा सड़क क्रॉस करते वक्त एक भारी वाहन से टकराते हुए दिख रहा है यही नहीं वहां से टकराने के बाद काफी दूर तक उछलकर गिरता हुआ दिखाई दिया है। जिससे प्रतीत होता है कि अज्ञात युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है किंतु अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। जिसकी पहचान के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है । कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि युवक की पहचान के लिए उसके फोटो को विभिन्न स्थानों में प्रसारित किया गया है तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी युवक की पहचान करने को कहा गया है। बहरहाल पुलिस ने अज्ञात युवक की मौत के कारण का पता लगा लिया किंतु युवक की पहचान करना बांकी रह गया है।

# अवैध रूप से चल रहे मदरसों की जांच के निर्देश

देहरादून। आयोग ने शासन को लिखे पत्र में कहा, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मदरसा पिछले 10-12 साल से चल रहा है। जिसका कहीं पर पंजीकृत होना नहीं पाया गया। जिसका संचालन जुमे में एकत्रित चंदे से किया जाता है। इसके छात्रावास में रहने वाले 55 बच्चे बिहार मूल के हैं। बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने के बारे में पूछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आयोग ने कहा, मदरसे में बाहरी बच्चों का मिलना चिंता का विषय है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की आवश्यकता है। आयोग ने कहा, प्रदेश में इस तरह के जितने भी संस्थान हैं और अल्पसंख्यक कल्याण के नाम पर बच्चों के लिए चल रहे हैं। जिन्हें संबंधित बोर्ड से मान्यता नहीं है, और जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उनका सत्यापन कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। आयोग ने कहा, 13 मई 2024 को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी विभाग की बैठक ली थी। जिसके बाद हुई मदरसों की मैपिंग हुई, लेकिन पूरी तरह से तथ्य उजागर नहीं हुए।

# जीवन ज्योति हॉस्पिटल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कल

दिनेशपुर(उद संवाददाता) जीवन ज्योति हॉस्पिटल के नेतृत्व में दि मेडिसिटी अस्पताल द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन दिनेशपुर जीवन ज्योति हॉस्पिटल में किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक सकवरिया, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अदिति सेन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिव मोहन आदि मौजूद रहेंगे जीवन ज्योति हॉस्पिटल के एमडी जमील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह 10बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य प्रशिक्षण का एक निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हृदय रोग स्पेशलिस्ट, गुर्दा रोग स्पेशलिस्ट,नेत्र विभाग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम मौजूद रहेगी सभी क्षेत्रीय जनता रविवार सुबह 10बजे जीवन ज्योति हॉस्पिटल पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और जो भी मरीज अपना इलाज कहीं और करवा रहे हैं वह एक बार शिविर में आकर अपनी जांच अवश्य कारए जांच के दौरान पुराने दबाओ के पर्चे एवं रिपोर्ट भी साथ लाएं उन्होंने बताया शिविर के दौरान मरीजों के रक्तचाप व सामान्य बीमारियों का भी परीक्षण किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम MOHAMMAD AKRAM से बदलकर मो0 अकरम MOHD AKRAM कर लिया है भविष्य में मुझे मो0 अकरम MOHD AKRAM S/o MAHABOOB HUSAIN के नाम से जाना पहचाना जाये। वार्ड नंबर 13 पण्डरीखेड़ा सितारगंज उधमसिंहनगर

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in


फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'आमद' हुई ही नहीं और भर दिया 'सौ-करोड़ का इनकम-टैक्स'

## उत्तराखंड के वन विकास निगम के काबिल अधिकारियों का कारनामा, यूपी से 563 करोड़ की धनराशि हासिल हुए बिना ही वन विकास निगम ने जमा कर दिया 100 करोड़ का इनकम टैक्स

-अर्श-

देहरादून । उत्तराखंड की लापरवाह लाल फीता शाही कब, कौन सा गुल खिला दे ? इसका कोई भरोसा नहीं ।प्रदेश की काबिल लाल फीता शाही ने अब एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है ,जिससे राज्य के वित्त एवं पुनर्गठन मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल खीझे बिना नहीं रह सके। मामला कुछ इस प्रकार है कि उत्तराखंड वन विकास निगम ने उत्तर प्रदेश से 563 करोड रुपए की धनराशि प्राप्त हुए बिना ही उस पर 100 करोड रुपए का इनकम टैक्स चुका दिया है।वित्त व पुनर्गठन मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से बुलाई गई समीक्षा बैठक के दौरान इस तथ्य का खुलासा हुआ। इस पर वित्त मंत्री ने संबंधित अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई और उन्हें यूपी से बकाया धनराशि प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ।याद दिलाना होगा कि राज्य के निर्माण के वक्त से वन विकास निगम का उत्तर प्रदेश पर 99 करोड़ रुपए बकाया है, जो अब ब्याज सहित तकरीबन 563 करोड़ रुपए हो गए है। दरअसल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बंटवारे के समय यह निश्चित हुआ था कि उत्तर प्रदेश उत्तराखंड वन विकास निगम को 99 करोड़ की धनराशि देगा लेकिन



उत्तराखंड गठन के तकरीबन ढाई दशक से अधिक का समय गुजरने के बावजूद यूपी ने यह राशि अभी तक वन विकास निगम के खाते में नहीं कराई है, जबकि ब्याज के साथ यह राशि बढ़करअब 563 करोड़ हो चुकी है। उत्तराखंड सरकार लंबे समय से इस धनराशि को यूपी से हासिल करने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक राज्य सरकार को इस दिशा में कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल सकी है ।धामी सरकार द्वारा राज्य की पर संपत्तियां परिसंपत्तियों को सहेजने का सक्रिय अभियान आरंभ किए जाने के बाद ,अब राज्य के वित्त मंत्री ने इस विषय पर ध्यान केंद्रित किया है। मंगलवार को जब सूबे के वित्त एवं पुनर्गठन मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल यूपी से मिलने वाली प्रस्तावित राशि की विभागवार समीक्षा कर रहे थे, तब यह तथ्य यह प्रकाश में आया कि उपरोक्त 563 करोड रुपए की राशि अभी वन विकास निगम हासिल नहीं हुई है, लेकिन वन विकास निगम द्वारा यूपी से मिलने वाली प्रस्तावित धनराशि के एवज में 100 करोड़ का इनकम टैक्स पहले ही जमा कराया जा चुका है। मामले के सामने आते ही उत्तराखंड के वित्त मंत्री ने वन विकास निगम के अधिकारियों को तीखी नसीहत दी और इस मामले में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# जादूगर जे कुमार के मैजिक शो का हुआ भव्य शुभारंभ

## लगातार 24 दिनों तक चलेगा शो ,हेलीकॉप्टर मुख्य आकर्षण का केंद्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिटी क्लब में प्रसिद्ध जादूगर जे कुमार के जादू शो का शुक्रवार शाम भव्य शुभारम्भ हुआ। शो का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि जादू एक कला है, यह सिर्फ एक मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि इससे लोगों में जागरूकता भी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज की तनाव भरी जीवनशैली में ऐसे शो लोगों को तनावमुक्त करने का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह शो रहस्य, रोमांच,सनसनी से भरपूर मनोरंजन का खजाना है । जादूगर जे कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कई हैरतंगेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी कला से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश भी दिया और शहीद सैनिकों के परिवार की व्यथा को भी मंच पर प्रदर्शित किया। शो के प्रबंधक प्रेम धनराज ने बताया कि यह शो लगातार 24 दिनों तक शहरवासियों के लिए चलता रहेगा । शो का समय रोजाना 4 बजे से शाम सात बजे रहेगा। शनिवार , रविवार व छुट्टी के दिन 1 बजे, 4 बजे व 7 बजे होंगे ।दर्शकों को परेशानी से बचने लिए घर बैठे टिकट बुक माय शो एवं www.magicianjkumar.com से भी बुकिंग की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि शो के मुख्य आकर्षण का केंद्र हेलीकॉप्टर, जिंदा आदमी को तोप से उड़ाना,कैसे मिली देश को आजादी, कन्या भ्रूण हत्या,नशा मुक्ति, एक लड़की के कई टुकड़े कर देना ,डांस करती लडकी को भालू बना देना, खाली हाथों से नोटों की बारिश होना, बरमुंडा ट्रैंगल, जैक ट्यूब लेडी, जापान की ओरिगामी आर्ट और देशी विदेशी खेलों के साथ समाज में फैले अंध विश्वास , दहेज उत्पीड़न,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि जैसे समाज में फैले कुरुतियों को जादूगर अपने खेल के माध्यम से लोगों के बीच में जन संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर सुनील ठुकराल, सुभाष छबड़ा, विनीत शुक्ला, सौरभ बेहड़, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।







सिटी क्लब में आयोजित मैजिक शो दिखाते प्रसिद्ध जादूगर जे कुमार ।

# भाजपा नेता चुघ ने विद्यालय में दिये पंखे और इनवर्टर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ और राजेंद्र तुलस्यान ने खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए पंखे और इनवर्टर प्रदान किये। चुघ ने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं आने वाले भविष्य का आधार हैं क्योंकि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा ज्ञान का भंडार है जिससे हर युवा पीढ़ी ऊंचाइयों को छू सकती है ।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में समाज के सहयोग से हर संभव मदद देने का प्रयास किया है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आश्वस्त किया कि यदि विद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए किसी भी प्रकार की आवश्यकता हुई तो वह जन सहयोग से विद्यालय का सौंदर्यकरण भी करेंगे। समाजसेवी राजेंद्र तुलस्यान ने कहा कि आज के समय में ऐसे कई बच्चे जो शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उन्हें शिक्षित करना समाज की जिम्मेदारी है और वह हर संभव प्रयास करेंगे कि समाज का हर बच्चा शिक्षित हो। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को पंखे और इनवर्टर भेंट किया जहां दो विद्यालय संचालित होते हैं और विद्यालय में लगभग 700 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।जिस पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से उनका आभार जताया गया। इस दौरान पार्षद पिंटू पाल संजय पाल प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा, आशा अरोड़ा ,अनु यादव ,हर्ष बाला शर्मा ,जसविंदर कामरा, ललिता रौतेला, रुद्राणी शर्मा, शालिनी शर्मा ,तारा बुधलाकोटी, प्रवीण गाबा, पुष्पा ढाली, सनी पासवान,राहुल वर्मा ,दीपक राठौड़, चंद्र प्रकाश चुघ,मुकेश, संतोष पाल, चंद्रपाल सिंह, अमित गौर विशाल ,सनी राठौर, सूरज ,सनी पासवान, राजू, राज कोली आदि मौजूद थे।



गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000